कार्यालय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

मध्य प्रदेश शासन

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

क्रमांक 2052 / रा.म.(स्व.प्र.)/ सं.प.ध. /2026 भोपाल, दिनांक 18/05/2026

प्रति,

आयुक्त महोदय,
संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

तथा,

प्रबंध निदेशक,
M/s Kolar Dynamics Pvt. Ltd.
भोपाल, मध्यप्रदेश

कार्यालय आदेश क्रमांक **01/MPHDT/2026 दिनांक 14.05.2026** के अंतर्गत दमोह जिले में विरासत, पुरातात्विक एवं संरक्षण अध्ययन संबंधी कार्यों के निष्पादन हेतु प्रदत्त दायित्व के संदर्भ में यह अवगत कराया जाता है कि **Kolar Dynamics एवं Directorate of Archaeology, Archives and Museums (DAAM), Madhya Pradesh** के समन्वय से गठित सर्वेक्षण दल दिनांक **15 मई 2026** को **विधानसभा जबेरा, जिला दमोह** में क्षेत्रीय सर्वेक्षण हेतु पहुँचा। उक्त दल में निम्न सदस्य सम्मिलित थे:

1. **डॉ. सुमित कुमार**
2. **पुरुषोत्तम सोलंकी**
3. **गौतम सिंह**
4. **महेश विश्वकर्मा**
5. **एक फोटोग्राफर एवं कैमरा मैन**

सर्वेक्षण दल द्वारा जबेरा एवं समीपवर्ती क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचित एवं सूचीबद्ध पुरातात्विक/धरोहर स्थलों का स्थल निरीक्षण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, दस्तावेजीकरण एवं प्रारंभिक संरक्षण मूल्यांकन किया गया।टीम द्वारा निम्न स्थलों का विस्तृत निरीक्षण एवं प्रलेखन कार्य किया गया:

- ✓ **मंदिरमठ क्रमांक-01, ग्राम दौनी (तेंदूखेड़ा) 02,ग्राम तेन्दूखेड़ा (तेंदूखेड़ा) 03, ग्राम बंशीपुर (जबेरा)**
- ✓ **सूर्यमंदिर, ग्राम मोहड़ (तहसील तेंदूखेड़ा क्षेत्र) एवं मठामंदिर, ग्राम बड़गुवा, तहसील जबेरा**
- ✓ **श्रीराम जानकी मंदिर, ग्राम मुवार, तहसील जबेरा**

सर्वेक्षण अवधि के दौरान टीम को स्थानीय स्तर पर **श्री सत्येन्द्र सिंह लोधी, श्री आशीष जैन,सोनू सेन** तथा स्थानीय मार्गदर्शक **श्री पुरुषोत्तम दुबे** का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके माध्यम से संबंधित स्थलों तक पहुँच, स्थानीय जानकारी, क्षेत्रीय समन्वय एवं आवश्यक तथ्य संकलन संभव हो सका।

उक्त टीम ने **जबेरा विधानसभा में 03 (तीन) दिवस** तक प्रवास कर स्थल निरीक्षण, वर्तमान स्थिति मूल्यांकन, फोटो-दस्तावेजीकरण, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं आवश्यक साक्ष्य संकलन कार्य संपादित किया।

माननीय मंत्री, संस्कृति विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि **सर्वेक्षण प्रतिवेदन, संरक्षण संबंधी टिप्पणियाँ, फोटो ग्राफिक साक्ष्य एवं अनुशंसाएँ यथाशीघ्र Directorate of Archaeology, Archives and Museums (DAAM), Madhya Pradesh को प्रस्तुत की जाएँ**, जिससे **जबेरा विधानसभा के राज्य संरक्षित पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण, पुनरुद्धार एवं विकास कार्यों का प्रारंभ शीघ्र किया जा सके।**

अतः संबंधित एजेंसी एवं अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन, फोटोग्राफिक साक्ष्य, संरक्षण आवश्यकताओं एवं अनुशंसित कार्य योजना सहित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

संलग्न : - सर्वे,दस्तावेज की छायाप्रति ।

18/5/26
निज सहायक
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक
न्यास एवं धर्मस्व विभाग
म.प्र. शासन

मंत्रालय कक्ष क्रमांक E-310, VB-3, 3rd Floor, ☎0755-2708766 E-mail:- ministermpt.d@gmail.com
आवास/कार्यालय - बी 10, 74 बंगला, स्वामी दयानंद नगर, लिंक रोड-1, भोपाल, 462003 ☎0755-2730927, 2730929